मुख्यमंत्री ने 28 ज़िलों में सिकलसेल प्रबंधन केंद्रों का किया उद्घाटन

चर्चा में क्यों?

30 अक्टूबर, 2022 को मुख्यमंत्री ने अपने निवास कार्यालय में आयोजित वर्चुअल कार्यक्रम में प्रदेश के 28 ज़िलों में सिकलसेल प्रबंधन केंद्रों का उद्घाटन किया।

प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री ने प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों और ज़िला अस्पतालों में स्थापित नवीन सिकल सेल प्रबंधन केंद्रों का उद्घाटन करते हुए छत्तीसगढ़ में जल्द ही राष्ट्रीय स्तर के सिकलसेल रिसर्च सेंटर की स्थापना किये जाने की घोषणा की।
- इसके साथ ही प्रदेश के 24 ज़िला अस्पतालों, नौ मेडिकल कॉलेजों तथा राजधानी रायपुर स्थित सिकलसेल संस्थान छत्तीसगढ़ में सिकलसेल की निःशुल्क जाँच, उपचार और परामर्श की सुविधा उपलब्ध हो गई है।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि सिकलसेल की समस्या का प्रभावी रूप से मुकाबला करने के लिये स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा नवीन सिकल सेल प्रबंधन केंद्र की स्थापना की जा रही है। यह केंद्र प्रदेश के समस्त मेडिकल कॉलेज अस्पतालों एवं सभी ज़िला चिकित्सालयों में संचालित किये जाएंगे।
- इन केंद्रों में सिकलसेल की जाँच एवं उपचार के साथ अस्पताल की प्रयोगशाला के माध्यम से साल्युबिटी टेस्ट द्वारा स्क्रीनिंग एवं इलेक्ट्रोफोरेसिस तथा नवीन विधि पॉइंट ऑफ केयर **(POC)** टेस्ट द्वारा पुष्टि हेतु जाँच उपलब्ध कराई जाएगी।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि सिकलसेल जाँच की नवीन विधि पॉइंट ऑफ केयर (POC) टेस्ट काफी आसान है। मितानिनें भी इस विधि से जाँच कर सकती हैं। इस पद्धति से अभियान चलाकर सिकलसेल मरीज़ों की पहचान की जा सकती है।
- मुख्यमंत्री ने इस कार्यक्रम में सिकलसेल से पीड़ित राजेंद्र नगर रायपुर के सातवर्षीय बालक प्रतीक दास मानिकपुरी और गुढ़ियारी की 17 वर्षीय बालिका ओशिका रामटेके को डिजिटल कार्ड प्रदान कर सिकलसेल से पीड़ित व्यक्तियों को डिजिटल कार्ड वितरण का शुभारंभ किया।
- स्वास्थ्य विभाग के सचिव प्रसन्ना आर. ने कार्यक्रम में बताया कि अब तक किये गए सर्वे में प्रदेश की दस प्रतिशत आबादी में सिकलसेल वाहक और एक प्रतिशत रोगी पाए गए हैं। सिकलसेल प्रबंधन केंद्रों में विशेष रूप से उपचार प्राप्त कर रहे प्रत्येक सिकलसेल रोगी की इलेक्ट्रॉनिक एंट्री सिकलसेल संस्थान के पोर्टल में कर सूची संधारित की जाएगी एवं उन्हें नियमित फॉलो-अप एवं दवा लेने हेतु संपर्क किया जाएगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/cm-inaugurates-sickle-cell-management-centers-in-28-districts